धनुआ | by Himansh Bhardwaj

शिव शंकर के प्यारे प्यारे धनुआ
तुझको प्रणाम मेरा करता है राम तेरा
बीच सभा में राखो लाज हो
शिव शंकर के प्यारे प्यारे धनुआ.....

हाथ लगाऊं तो तुम फूल बन जाना
मेरे इशारे पर तुम मुड़ते ही जाना
कहीं ये लोग मेरी हंसी ना उड़ाएं
तुझ पर तो राम ने है सपने सजाये
घडी इम्तेहान की है रघुकुल की आन की है
बीच सभा में राखो लाज हो
शिव शंकर के प्यारे प्यारे धनुआ.....

ॐ नमः शिवाय .....ॐ नमः शिवाय

प्रीत की रीत आज तुझमे समाई
सारी सभा ने नज़रें तुझपे टिकाई
कहीं ये लोग मेरी हंसी ना उड़ाएं
तुझ पर तो राम ने है सपने सजाये
घडी इम्तेहान की है मुश्किल में जान की है
बीच सभा में राखो लाज हो
शिव शंकर के प्यारे प्यारे धनुआ.....

ॐ नमः शिवाय .....ॐ नमः शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a7%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%86-by-himansh-bhardwaj/